## जनपद बाराबंकी

**दिनांक- 28.04.2025**

**थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा चोरी की तीन घटनाओं का अनावरण कर 03 चोरों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल बरामद-**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं/अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.04.2025 को थाना घुंघटेर पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से अभियुक्तगण 1. अब्दुल रहमान पुत्र अरमान खान 2. मो0 इस्लाम उर्फ भूरा पुत्र जाबिर 3. वैश उर्फ जग्गा पुत्र याकूब उर्फ मकबूल निवासीगण ग्राम सोहीपुर मजरे दीनपनाह थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को कुम्हरावा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी 02 अदद मोटर साइकिल व पम्पिंग सेट का पंखा बरामद किया गया।

अभियुक्तगण का एक संगठित गिरोह है जो रेकी करने के पश्चात चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 22.03.2025 को जमोलिया मेला से मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस यूपी 41 एफ 8867 चोरी की गयी थी तथा दिनांक 01.04.2025 को ग्राम अकबरपुर में एक खेत में लगी पम्पिंग सेट का पंखा चोरी किया था साथ ही दिनांक 23.04.2025 को ग्राम गढ़ी सिंग्तारा से एक मोटर साइकिल यूपी 32 एलएफ 9297 चोरी की गयी थी। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध में थाना घुंघटेर पर 03 अभियोग पंजीकृत है।

**नामपता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. अब्दुल रहमान पुत्र अरमान खान निवासी ग्राम सोहीपुर मजरे दीनपनाह थाना घुंघटेर बाराबंकी
2. मो0 इस्लाम उर्फ भूरा पुत्र जाबिर निवासी ग्राम सोहीपुर मजरे दीनपनाह थाना घुंघटेर बाराबंकी
3. वैश उर्फ जग्गा पुत्र याकूब उर्फ मकबूल निवासी ग्राम सोहीपुर मजरे दीनपनाह थाना घुंघटेर बाराबंकी

**बरामदगी-**

1. 02 अदद मोटरसाइकिल
2. पम्पिंग सेट का पंखा

**अनावरित अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 103/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना घुंघटेर बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 120/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना घुंघटेर बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 147/2025 धारा 303 (2) बीएनएस थाना घुंघटेर बाराबंकी

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बेंचू सिंह थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी।
2. व0उ0नि0 श्री सुरेश कुमार तिवारी, उ0नि0 श्री आदर्श पाण्डेय थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी।
3. हे0का0 ललित सरोज, का0 सुनील यादव थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी।
4. का0 बृजेश यादव, का0 अरविन्द राजभर थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी।